## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को किया गर्भवती, किशोर को बाल संरक्षण गृह भेजा

**अलीगंज, अमृत विचार** : कबाडी के पुत्र ने मोहल्ले की ही एक किशोरी को शादी का झांसा देकर कई महीने तक दुष्कर्म किया। इससे वह गर्भवती हो गई। यह बात किशोरी की मां तो पता चली तो उसने कबाडी के बेटे से शादी करने की बात कही। वहां से उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया और कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

### कोचिंग जा रही छात्रा को दबंगों ने डंडों से पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार** : एक सप्ताह पहले हुई मामूली कहासुनी के बाद रंजिश मानकर कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को दबंगों ने सुनसान जगह पर रास्ते में रोक कर लाठी से पीटा। छात्रा की मां ने कैंट थाने में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव बभिया निवासी चंद्रावती ने बताया, कि एक फरवरी को गांव की ही भगवती से उनकी मामूली कहासुनी हो गई थी। जिससे रंजिश मानकर भगवती व दो अज्ञात लोगों ने शनिवार सुबह कोचिंग पढ़ने निकली उनकी 19 बर्षीय बेटी को बारी नगला के पास रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौच करते हुए लाठी- से मारपीट की। मारपीट में छात्रा गंभीर घायल हो गई। छात्रा की मां ने कैंट थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### भोजीपुरा में बिजली चोरी में 22 को पकड़ा

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : क्षेत्र में बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए विभाग ने सख्त रुख अपनाया। रविवार सुबह चलाए गए सघन चेकिंग अभियान, में अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में ग्राम रम्पुरा माफी, अंबरपुर और नऊआ नगला में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान 22 लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। चेकिंग अभियान में जमुना प्रसाद, मुशर्रफ और संविदा कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। टीम ने घर-घर कनेक्शनों की जांच की और अवैध तारों को हटाया गया।

# टक्कर से ट्रॉली पलटी, एक की मौत

## तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से मारी टक्कर, तीन लोग घायल, भर्ती

**संवाददाता, भुता,**

**अमृत विचारः** फरीदपुर भुता मुख्य मार्ग पर ग्राम मल्लपुर के पास सुबह ट्राली से ईटे उतारकर फरीदपुर की ओर आ रही ट्राली को पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्राली खंती में गिरने से ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की मौत व तीन लोग घायल हो गए। मौके से चालक डंपर छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।

राहगीरों के मुताबिक रविवार सुबह लगभग 9:00 बजे ईट उतारकर ट्रॉली भुता से फरीदपुर की ओर जा रही थी, जिसमें मजदूर कुंवर पाल, राजेश, राजकुमार और ट्रैक्टर चालक राजपाल सवार थे। अचानक पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली व उस पर सवार चारो लोग खंती में जा गिरे। इसमें मजदूर कुंवर पाल (32) निवासी ग्राम दलपुरा थाना



मृतक कुंवरपाल। ● अमृत विचार

भुता की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजपाल ,राजेश और राजकुमार को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है।

**बाइक की चेन ठीक कर रहे युवक को डंपर ने रौंदा**

**कैंट, अमृत विचार** : सड़क किनारे मोटरसाइकिल की चेन ठीक कर रहे युवक को तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने रौंद डाला। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक डंपर लेकर फरार हो गया। मृतक के पिता ने कैंट थाने में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव जल्लापुर रामदयाल निवासी ओम हरि ने बताया, कि 4 फरवरी को सुबह उनका बेटा अर्जुन मोटरसाइकिल से जा रहा था। बुखारा के पास गोदाम के सामने मोटरसाइकिल की चेन उतर गई। अर्जुन सड़क से नीचे कच्चे में मोटरसाइकिल की चेन ठीक कर रहा था। इसी दौरान रामगंगा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने गलत दिशा में आते हुए उसे टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही अर्जुन की मौत हो गई। और डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कैंट पुलिस ने शनिवार को अज्ञात आरोपी डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्राली ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर

**रिठौरा, अमृत विचार** : रविवार को एक ओवरलोड ट्रैक्टर- ट्राली ने बाइक सवार दपंती को टक्कर मार दी। इससे पति पत्नी घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। रविवार को नरेश पाल, सोमवती अपने बेटे रवि के साथ घर जा रहे थे। हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक पर टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर से बाइक सवार दंपति और बेटा गिरकर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि चालक फरार हो गया।



सड़क पर गिरे दंपती। ● अमृत विचार

# बा स्कूल की छात्राएं भूख हड़ताल पर बैठीं



सुविधाएं नहीं मिलने से आहत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राएं भूख हड़ताल पर बैठी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बहेड़ी**

- मुड़िया कालोनी कस्तूरबा गाँधी विद्यालय में कईदिनों से हैंडपंप खराब, पेयजल की बनी दिक्कत

**अमृत विचार** : कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय में फैली अव्यवस्था और सुविधाएं न मिलने को लेकर रविवार को भूख हड़ताल कर दी। छात्राएं विद्यालय परिसर में धरना देकर बैठ गईं।

गांव उतरसिया समुखिया (भुड़िया कॉलोनी )में स्थित कस्तूरबा गाँधी विद्यालय की छात्राओं का आरोप है कि उनको सही से खाना नहीं मिलता। पीने के पानी की समस्या है, जबकि स्टेशनरी जैसा सामान भी सही से नहीं मिल पाता। बिजली की समस्या के चलते पढ़ाई नहीं हो पाती। छात्राओं को लेटने के लिए पर्याप्त बेड उपलब्ध नहीं हैं। काफी लड़कियों को ज़मीन पर सोना पड़ता है।

विद्यालय में 140 छात्राएं पंजीकृत हैं।छात्राओं ने दैनिक उपयोग की चीज़ों के न मिलने और शिक्षण कार्य में लापरवाही बरते जाने का भी आरोप लगाया।

छात्राओं के भूख हड़ताल कर देने की सूचना पर शिक्षक मौके पर पहुँच गए। कुछ ग्रामीण भी सूचना मिलने पर विद्यालय पहुँच गए। सभी ने छात्राओं की बात सुनकर उनकी समस्याओं को हल कराने का भरोसा दिया। प्रधान संदीप सिंह ने हैंडपम्प दो दिन में सही कराने की बात कही। लोगों के समझाने पर छात्राओं ने भूख हड़ताल ख़त्म कर भोजन ग्रहण किया।

# सीसी रोड निर्माण में सड़क के मलबे का प्रयोग, हंगामा

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचारः** लोक निर्माण विभाग की ओर से बाईपास तिराहे से बिजौरिया तिराहे तक 1.5 किमी लंबी सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। डामर की सड़क को तोड़कर सीसी रोड का निर्माण शुरु किया गया लेकिन पुरानी सड़क का मलबा ही नए पत्थरों में मिलाकर सड़क का बेस तैयार किया जा रहा है। जबकि बेस में नई गिट्टी बिछाई जानी चाहिए थी। सड़क निर्माण में हो रही आशंका के मद्देनजर व्यापार मंडल के नेता ने वीडियो बना ली है। इसको लेकर हंगामा भी हुआ। विधायक को जानकारी दी गई है। विधायक ने कहा कि वह सोमवार को अफसरों से बात करेंगे। जेई ने निर्माण को मानकों के अनुसार होना बताया है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के प्रदेश मंत्री विनोद गुप्ता ने निर्माण स्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। पीडब्लूडी के जेई राजेश कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाएगा

### पानी के पाइप विवाद में मारपीट, तीन नामजद पर मुकदमा

**आंवला ,अमृत विचार** : आंवला थाना क्षेत्र के ग्राम आजमपुर में पानी के पाइप को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित धर्मपाल ने बताया कि शाम 7 बजे आरोपियों ने पानी के पाइप को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित को चोटें आईं। शोर मचाने पर ग्रामीणों के पहुंचने से आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर सतीश राजा बाबू और शिव ओम, निवासी ग्राम आजमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# त्योहारों को मिलजुल कर मोहब्बत से मनाएं



दुनका में पीस कमेटी की बैठक में शामिल नागरिक। ● अमृत विचार



हाफिजगंज में पीस कमेटी की मीटिंग करते कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी।

**संवाददाता, बरेली**

अमृत विचार : शिवरात्रि रमजान , होली और बोर्ड परीक्षाओं में शांति बनाए रखने के लिए थानों में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें गांवों के प्रधान और क्षेत्र के संभ्रात नागरिक शामिल हुए। बैठक में अफसरों ने सभी से आपस में मिलजुलकर भाईचारेके साथ त्योहार मनाने की बात कही। साथ ही चेतावनी भी दी कि त्योहारों पर किसी भी तरह की नई परम्परा डालने की कोशिश न की जाए। असामाजिक तत्व अफवाह न फैलाएं। अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**बहेड़ी** में इंस्पेक्टर,पवन कुमार ने कहा कि त्योहारों को आपस में मिलजुल कर प्यार मोहब्बत के साथ मनाया जाए। कोतवाली में रमज़ान और शिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक में कोतवाल ने कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता हैं।

**दुनका** में रमजान माह और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना शाही परिसर में पीस कमेटी की हुई बैठक की अध्यक्षता थाना शाही प्रभारी राजेश कुमार बैंसला ने की। बैठक में जुनैद अहमद, तौसीब अहमद, ग्राम प्रधान यासीन खान आदिल बेग,आदि रहे।

**भोजीपुरा** में हुई बैठक की अध्यक्षता सीओ हाईवे शिवम आशुतोष ने की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने शांति व्यवस्था भंग करने या अशांति फैलाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, ग्राम प्रधान मोहम्मद जावेद, सत्य प्रकाश, महेंद्र पाल, रामनिवास गंगवार, जमुना प्रसाद, शंकर लाल, सहित थाने का स्टाफ व प्रधान मौजूद रहे।

**क्योलडिया** में सीओ निलेश मिश्रा की बैठक में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार, देशराज तोमर महेंद्र प्रताप सिंह ग्राम प्रधान आजम आसिफ रफीक अहमद रविंद्र कुमार गंगवार अनीश खान यादराम प्रेमपाल कश्यप पीर मोहम्मद हफीज कमालुद्दीन मो.फारूक, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

**सिरौली**,में सीओ मीरगंज अजय कुमार और थाना प्रभारी विनोद सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की पैनी नजर हर गतिविधि पर है।

**हाफिजगंज** में कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी की बैठक में ग्राम प्रधान मोबिन बेगम, शहंशाह अंसारी, कैसर अली, शकील अहमद, सादिक अहमद, संजय गंगवार, सरदार सुखदेव सिंह, हरपाल गंगवार, राजपाल, जितेंद्र गंगवार, लियाकत आदि रहे।

**आंवला** में प्रभारी निरीक्षक के. बी. सिंह ने आगामी त्योहार पर लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

**नवाबगंज** में थाना प्रभारी अरूण कुमार श्रीवास्तव ने सभी पर्व सकुशल कराने की अपील की। इस दौरान गोपाल कृष्ण शर्मा, सभासद अनुज पाठक,आशीष गुप्ता,इरशाद अहमद,धीरेन्द्र कुमार ,रिंकु अवस्थी, बलविंदर सिंह,राजीव कुमार, मुमताज अहमद, मुख्तयार आदि रहे।

# पुलिस ने स्मैक तस्करी में दो लोगों को पकड़ा

**संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी**

**अमृत विचार** : शनिवार देर रात को पुलिस ने स्मैक तस्करी में दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात स्मैक की खेप खरीदने आये सीबी गंज के स्मैक तस्कर दिनेश गुप्ता को पुलिस ने पकड़ लिया है। सूत्रों के मुताबिक उसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी अपने को भाजपा नेता का करीबी बता रहा है। उसकी निशान देही पर कई जगह दबिश देकर फतेहगंज पश्चिमी निवासी सलमान को दबोचा और उसके पास से 23 ग्राम स्मैक बरामद की।

दोनों से पुलिस को स्मैक के धंधे में लिप्त कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आये हैं।

सूत्रों मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपी ने बरेली समेत आंवला,बदायूं, उत्तराखंड के रुद्रपुर,काशीपुर आदि में स्मैक तस्करी का कारोबार फैला रखा है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया सीबीगंज और फतेहगंज पश्चिमी से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ करके और उसकी निशानदेही पर अन्य स्मैक तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी के लिए सोमवार को जेल भेजा जाएगा। स्मैक तस्करों को पकड़ने वाली टीम मेंउपनिरीक्षक पंकज कुमार, प्रदीप कुमार, हेडकांस्टेबिल भूपेन्द्र, प्रदीप व कांस्टेबिल लवी शामिल रहे।















## न्यूज डायरी

### बादल मिस्टर और अर्शप्रीत को मिस फेयरवेल चुना

**मीरगंज, अमृत विचार** : बी डी एम पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह हुआ। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरीका सिंह एवं अवनी ने संयुक्त रूप से किया। छात्रों ने सीनियर्स के सम्मान में गीत, नृत्य, कविता, भाषण और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्या नमिता दीक्षित ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान कक्षा 12वीं के बादल तिवारी को मिस्टर फेयरवेल और अर्शप्रीत कौर को मिस फेयरवेल चुना गया। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



### आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**शेरगढ़, अमृत विचार** :बाल विकास परियोजना शेरगढ़ की सुपरवाइजर शिवांगी शुक्ला ने क्षेत्र के नगरिया कलां समेत कई आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को दिए जाने वाले राशन,बच्चों की उपस्थिति के संबंध में बात की। उन्होंने इस्लामपुर और बैरमनगर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर व्यवस्थित पोषण वाटिका का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका का उद्देश्य बच्चों को मौसमी व हरी ताज़ा सब्जियां उपलब्ध कराना है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों को अक्षर ज्ञान कराने के साथ ही पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने को प्रेरित किया। बच्चों की शिक्षा में माता-पिता का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जसोदा देवी,मुगल सरोज,संतोष कुमारी,देवकी देवी,प्रेमवती आदि मौजूद रहीं।

### सज्जादा नशीन ख़ालिद मियां नहीं रहे



**बहेड़ी, अमृत विचार** : दरगाह ताजुल असफिया खानकाह-ए-शेरिया, बहेड़ी के सज्जादा नशीन मौलाना ख़ालिद मियाँ नहीं रहे। इतवार की सुबह उन्होंने दुनिया-ए-फ़ानी को अलविदा कह दिया। सज्जादा नशीन के इंतकाल की खबर लगने पर उनके मुरीदों और चाहने वालों में गम की लहर दौड़ गई। उनके आखिरी दीदार को बड़ी तादाद में लोग खानकाह पर पहुँचने लगे। सज्जादा नशीन ख़ालिद मियाँ की उम्र सिर्फ 45 साल की ही थी। रात उनको सांस लेने में कठिनाई हुई। फ़ौरन डॉक्टर को दिखाया गया,लेकिन बचाया नहीं जा सका। मौलाना ख़ालिद मियाँ, ताजुल असफिया हुज़ूर अच्छे मियाँ के पोते थे। करीब 5साल पहले उनको दरगाह ताजुल असफिया खानकाह-ए-शेरिया, बहेड़ी का सज्जादानशीन बनाया गया। उनके वालिद शहज़ादे मियाँ के इंतिक़ाल के बाद उनको सज्जादा की गद्दी सौंपी गई थी।उन्होंने अलजामिअतुल अशरफिया मुबारकपुर से मौलवीयत की डिग्री हासिल की थी। देर रात उनको खानकाह में ही सुपुर्दे ख़ाक किया जाएगा।

# अचानक लगाए ब्रेक, दो वाहन भिड़े

**मीरगंज, अमृत विचारः**रविवार को नेशनल हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलते ट्रैफिक के बीच दो वाहन आपस में टकरा गए। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित रहे। दुर्घटना में शामिल वाहनों को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे पर सिंधौली चौराहे के पास तेज गति से चल रही एक कार ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रही दूसरी कार के चालक ने अपनी रफ्तार कम कर ली, जिससे वह टक्कर से बच गई। लेकिन पीछे से आ रहा ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार से जा टकराया। इससे कार का पिछला शीशा चकनाचूर हो गया और वाहन तिरछा हो गया।

# बहेड़ी में आधुनिक सुविधाओं से लैस सहर अस्पताल का उद्घाटन



अस्पताल के उद्घाटन के बाद कमर्शियल कोर्ट के जिला जज शाहिद रज़ा को सम्मानित **किया**।

**संवाददाता, बहेड़ी**

**अमृत विचारः** नगर में शनिवार को सहर अस्पताल का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि कमर्शियल कोर्ट के ज़िला जज शाहिद रज़ा ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। अस्पताल के एमडी डा. शाइक ने बताया कि बहेड़ी में मरीज़ों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले अस्पताल की ज़रुरत अरसे से महसूस की जा रही है। उसे पूरा करते हुए आधुनिक सुविधाओं से अस्पताल को लैस करके क्षेत्र के लोगों को अच्छा इलाज देने का संकल्प लिया है। बताया कि अस्पताल में जनरल सर्जरी, ऑर्थो, जच्चा-बच्चा व ईएनटी आदि के मरीज़ों का इलाज होगा। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम मरीज़ों को देखेगी। उद्घाटन समारोह में आए मुख्य अतिथि व नगर पालिका के सभासदों समेत तमाम गणमान्य लोगों को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर काफी तादाद में शहर के डॉक्टर्स, तमाम राजनीतिक दलों के नेता, वकील, व्यापारी और समाजसेवी मौजूद रहे।

### सड़क काटने की शिकायत की

**बिशारतगंज,अमृत विचार** : बेहटा बुज़ुर्ग गांव निवासी राहुल गोस्वामी ने एक्सईन निर्माण खंड एक से की लिखित शिकायत में बताया है कि रेलवे क्रॉसिंग से जलाल नगर गांव को जाने वाली सड़क को एक व्यक्ति ने काट दी है जिससे आवागमन प्रभावित होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहित मिश्रा व पुत्रवधु प्रिया मिश्रा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सियाराम मिश्रा पुत्र शोभराम मिश्रा निवासी मो. कोट कस्बा खुटार तहसील पुवायां जनपद शाहजहांपुर।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

